प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर किसान मेले के तीसरे दिन बीज, पौध एवं प्रकाशनों की बिक्री जारी

पंतनगर विश्वविद्यालय में चल रहे किसान मेले में आज तीसरे दिन भी किसानों द्वारा विभिन्न रबी फसलों के बीजों की खरीद जारी रही। किसानों द्वारा मेले में प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र, फसल अनुसंधान केन्द्र तथा एटिक के स्टालों से तीसरे दिन की दोपहर तक लगभग 76 लाख रूपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों की खरीद की गयी। इसके अतिरिक्त उद्यान अनुसंधान केन्द्र, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र, औषधीय व सगंध पौध अनुसंधान एवं विकास केन्द्र तथा आदर्श पुष्प उत्पादन केन्द्र के स्टालों से लगभग 2 लाख रूपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही एटिक एवं प्रकाशन निदेशालय के स्टालों से लगभग 22 हजार रूपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई।